अनुक्रमांक / Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें ।

Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : 10

Total No. of Questions : 10

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12

No. of Printed Pages : 12

# M3122010

## सामान्य हिंदी

## GENERAL HINDI

समय : 3 घण्टे]

Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 300

[Total Marks : 300

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :***

***Instructions to the candidates :***

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल **दस** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देने हैं । प्रश्न क्र. **1** में कोई विकल्प नहीं है। शेष प्रश्नों में आंतरिक विकल्प मौजूद हैं।

   This question paper consists of *ten* questions. *All* the questions have to be answered. There is no internal choice in question no. **1**. The remaining questions carry internal choice.

2. प्रश्न-पत्र के कुल अंक 300 हैं तथा निर्धारित समय 3 घंटे है । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।

   The total number of marks of the question paper is **300** and the time allotted is **3** hours. Marks for each question have been indicated on the right hand margin.



EduFull.com

3. प्रथम प्रश्न लघु उत्तरीय होगा जिसमें **20** अनिवार्य प्रश्न होंगे, प्रत्येक का उत्तर **एक** अथवा **दो** पंक्तियों में देना होगा ।

The first question will be of short answer type consisting of **20** compulsory questions, each one is to be answered in *one* or *two* lines.

4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका अवश्य पालन करें ।

Wherever word limit has been given, it must be adhered to.

5. भाषा की शुद्धता एवं कार्य की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

Special attention will be paid to the accuracy of the language and neatness of the work.

6. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें।

Questions should be answered exactly in order in which they appear in the question paper. Answers to the various parts of the same question should be written together compulsorily and no answer of other questions should be inserted between them.

EduBull.com

**नोट** :—इस प्रश्नपत्र में कुल दस प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

1. निम्नलिखित प्रत्येक लघु उत्तरीय प्रश्न का उत्तर **1** या **2** पंक्तियों में दीजिए : 20×3=60

(A) स्वर और व्यञ्जन में अन्तर बताइये।

(B) संक्षेपण के किन्हीं **तीन** महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए।

(C) दिए गए शब्दों में कौनसा शब्द 'बादल' का पर्यायवाची **नहीं** है :

**जलद, मेघ, पयोद, वारिधि।**

**(D) स्रोत भाषा और लक्ष्य भाषा से क्या अभिप्राय है ?**

**(E) द्विगु और कर्मधारय** समास में अन्तर लिखिये।

(F) 'कुर्सी पर बच्चा बैठा है।' इस वाक्य में कारक पहचानकर लिखिए।

(G) प्रश्नवाचक सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए।

(H) संस्कृत से विकृत होकर आने वाले शब्द को क्या कहा जाता है ? पहचानकर लिखिये :

देशज, प्रान्तीय, तद्भव, तत्सम।

(I) संधि कितने प्रकार की होती है ? नाम लिखिए।

(J) विराम चिह्न का महत्त्व समझाइये।

(K) समास की रचना में क्या आवश्यक है ?

शब्द और शब्दांश का योग।

शब्दांत और शब्दांत का योग।

शब्दांत और शब्दों का योग।

शब्द और शब्द का योग।

(L) वचन कितने प्रकार के होते हैं ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(M) 'विशेषण' के भेदों का नामोल्लेख कीजिए।

(N) 'लोकोक्ति' का संधि-विच्छेद करते हुए अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(O) टिप्पण और टिप्पणी में क्या अन्तर है ?

(P) 'प्रेम' और 'स्नेह' शब्दों का अन्तर स्पष्ट करने वाले **एक-एक** वाक्य बनाइये।

(Q) प्रारूप लेखन से क्या आशय है ?

(R) 'कर्म प्रधान विश्व रचि राखा' की व्याख्या कीजिए।

(S) 'विज्ञापन' से आप क्या समझते हैं ?

(T) 'वह मेरे घर आया था।' वाक्य में संज्ञा, सर्वनाम पहचानकर लिखिए।

2. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्दों का सन्धि-विच्छेद कीजिए : 5

(A) महीन्द्र

(B) श्रावण

(C) उल्लास

(D) उच्छिष्ट

(E) तेजोमय

(F) दुर्दिन

(G) परीक्षा।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्दों का समास-विग्रह कीजिए : 5

(A) नीलोत्पल

(B) शोकार्त

(C) रामायण

(D) लौहपुरुष

(E) चतुर्वेद

(F) दुधारी

(G) सदेह।

EduBull.com

3. 'ज्ञापन' किसे कहते हैं ? इसकी विशेषताएँ बताते हुए इसका एक प्रारूप प्रस्तुत कीजिए। 20

**अथवा**

शहर में स्थान-स्थान पर खोदकर डाल दी गई सड़कों की शीघ्र मरम्मत के लिए जिलाधीश की ओर से नगर-निगम के लिए एक आदेश-पत्र तैयार कीजिए।

4. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक हिंदी शब्दों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 5

(A) अधीनस्थ

(B) कराधान

(C) अध्यादेश

(D) हलफनामा

(E) अभिलेख

(F) प्रारूप

(G) क्षेत्राधिकार।

(ब) संज्ञा किसे कहते हैं ? इसके भेदों को उदाहरण देकर समझाइये। 5

**अथवा**

विशेषण की परिभाषा देते हुए विशेषण के भेदों को उदाहरण सहित लिखिए।



EduBull.com

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** मुहावरों **अथवा** कहावतों का अर्थ लिखकर वाक्यों में उनका प्रयोग कीजिए : 10

(A) गूलर का फूल होना

(B) पुराना घाघ होना

(C) बातें बनाना

(D) अँगूठा दिखाना

(E) घाट-घाट का पानी पीना

(F) चाँदी काटना

(G) दाना-पानी उठना।

**अथवा**

(A) घड़ी में तोला घड़ी में माशा

(B) खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे

(C) मन चंगा तो कठौती में गंगा

(D) दाता दान करे, भंडारी जल-जल मरे



EduBull.com

(E) लिखे ईसा, पढ़े मूसा

(F) राम नाम जपना, पराया माल अपना

(G) तीन लोक से मथुरा न्यारी।

6. (अ) निम्नलिखित शब्दों के **चार-चार** पर्यायवाची लिखिए : 5

(A) कामदेव

(B) तालाब

(C) वृक्ष

(D) हाथी

(E) हवा।

(ब) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 5

(A) अभिज्ञ

(B) कृतज्ञ

(C) सापेक्ष

(D) जड़

(E) अधिमूल्यन।



EduBull.com

. (अ) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग द्वारा उनका अन्तर स्पष्ट कीजिए : 5×2=10

(A) अभिराम – अविराम

(B) कपीश – कपिश

(C) क्रत – क्रीत

(D) निमित्त – नमित

(E) रोचक – रेचक।

(ब) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए : 5×2=10

(A) त्वरित

(B) श्रृंगार

(C) चतुर्थ

(D) अमूल्य

(E) उत्साह।

EduBull.com

8. (अ) निम्नलिखित गद्यांश का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 20

India is the largest democracy in the world. About sixty crore of people have the right of vote to elect members of the Legislative Assemblies of the states and the Lok Sabha at the centre. We have had fourteeen general elections to the Lok Sabha and many more to the legislative assemblies since the enforcement of our constitution on January 26, 1950. All these years have been marked by democratic activity which has given credibility to Indian democracy. While in our neighbourhood both in the west and in the east and to some extent in the north, dectatorship of the various brands have risen and continue to maintain themselves, Indian democracy has stood the test of time and has earned the admiration of the peoples the world over.

(ब) निम्नलिखित गद्यांश का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 20

गाँधी जी की अद्वितीय देन यह है कि उन्होंने पूँजीवाद और समाजवाद का समन्वय किया। उनके ट्रस्टीशिप के सिद्धान्त का यह लक्ष्य है। गाँधी जी अमीरों से धन छीनकर गरीबों में बाँटने में विश्वास नहीं रखते थे। वे अमीरों के फालतू धन को अमीरों द्वारा ही समाज

के भले के लिए ट्रस्ट में रखना चाहते थे। गाँधी जी का यह विचार आजकल बहुत सार्थक है, क्योंकि मार्क्स के प्रकार के समाजवाद की स्थापना या पूँजीवाद को नष्ट करना संभव नहीं है। ट्रस्टीशिप के सिद्धान्त द्वारा गाँधी जी ने समाजवाद और पूँजीवाद के बीच का एक रास्ता निकाला।

9. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए :

10+10+20+20=60

(*i*) **भारतीय किसान**

**(अ) भारतीय किसान का परिचय।**

(ब) भारतीय किसान की दयनीय स्थिति के कारण।

(स) भारतीय किसान और बाजारवाद।

(द) किसान की दशा में सुधार के उपाय।

(*ii*) **मूल्यवृद्धि : कारण और निवारण**

(अ) मूल्यवृद्धि से तात्पर्य।

(ब) मूल्यवृद्धि का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव।

(स) मूल्यवृद्धि और आम जन।

(द) मूल्यवृद्धि निवारण के उपाय।

EduBull.com

(*iii*) **साम्प्रदायिक सद्भाव**

(अ) साम्प्रदायिकता से तात्पर्य।

(ब) साम्प्रदायिकता क्यों ?

(स) साम्प्रदायिकता के दुष्परिणाम।

(द) साम्प्रदायिक सद्भाव की आवश्यकता और प्रयत्न।

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 4×15=60

(*i*) शासकीय आवास-आवंटन हेतु आवेदन का प्रारूप।

(*ii*) टिप्पण की आवश्यकता और महत्त्व।

(*iii*) हिंदी का भविष्य।

(*iv*) अनुवाद की समस्याएँ।

(*v*) भाषा में मुहावरे और कहावतों के प्रयोग का महत्त्व।

(*vi*) विभिन्न अनुशासनों में पारिभाषिक शब्दावली की आवश्यकता।